सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-पाँचवीं | विषय हिंदी व्याकरण | पाठः अनुच्छेद

मोबाइल फोन :- आज की आवश्यकता

आजकल आदमी के सभी जरूरी काम मोबाइल फोन ने संभाल लिए हैं। आदमी कितना भी व्यस्त क्यों न हो, मोबाइल फोन इस्तेमाल करने के लिए समय निकाल ही लेता है। अब हम अपने मित्रों ,रिश्तेदारों से किसी भी समय कई ऐप्स के माध्यम से जुड़ सकते हैं। आज कोई भी मोबाइल फोन पर लाइव ट्रैफिक स्थिति का आकलन कर सकता है और समय पर पहुँचने के लिए उचित निर्णय ले सकता है। इन दिनों मोबाइल फोन का इस्तेमाल कई तरह के आधिकारिक कामों के लिए किया जाता है; जैसे-डॉक्यूमेंट भेजना, प्रेज़ेंटेशन देना, जॉब के लिए आवेदन देना, साक्षात्कार देना आदि। मोबाइल फोन हर कामकाजी व्यक्ति के लिए एक जरूरी उपकरण बन गया है। आज मोबाइल बैंकिंग के ज़रिए धन और समय दोनों की बचत होती है। माना कि मोबाइल फोन के अनेक लाभ है, परंतु इसके व्यर्थ प्रयोग करने से समय की बर्बादी भी होती है। अत: हमें इसका प्रयोग सावधानी एवं समझदारी से करना चाहिए।